महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय

राष्ट्रीय राजमार्ग सं. 15, जैसलमेर रोड़, बीकानेर–334004 (राजस्थान) भारत

दूरभाष/Phone: 0151-2212044 फैक्स/Fax: 2212042 ईमेल/E-mail: mgsubikaner@gmail.com

क्रमांक : प.02 ( ) मगसिंविबी/परीक्षा/गोपनीय/2023/ 18263 दिनांक : 17/07/2023

प्राचार्य
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय,
महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय,
बीकानेर।

विषय :–बी.एड. दो वर्षीय पाठ्यक्रम एवं बीए.बी.एड. व बीएससी.बीएड.(इन्टीग्रेटेड) प्रायोगिक परीक्षा–2023 आयोजित करवाने के सम्बंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयान्तर्गत निवेदन है कि विश्वविद्यालय द्वारा **बी.एड. दो वर्षीय पाठ्यक्रम** प्रायोगिक परीक्षा 2023 **दिनांक 24.07.2023 से 14.08.2023 एवं बीए.बी.एड. व बीएससी.बीएड.**(इन्टीग्रेटेड) प्रायोगिक परीक्षा–2023 दिनांक 01.08.2023 से 20.08.2023 के मध्य आयोजित की जानी है। आपके महाविद्यालय में नियुक्त बाह्य परीक्षकों का पैनल महाविद्यालय के पोर्टल पर उपलब्ध करवाया जा रहा है। **प्रायोगिक परीक्षा के आयोजन में निम्न बिन्दुओं का ध्यान रखें :–**

- प्रायोगिक परीक्षा आयोजित करने हेतु बाह्य परीक्षक को स्पीड पोस्ट द्वारा पत्र प्रेषित कर अथवा उपलब्ध मोबाईल नम्बर पर सम्पर्क कर वार्ता अनुसार प्रायोगिक परीक्षा कार्यक्रम का निर्धारण करें। परीक्षा आयोजन के लिए दिनांक का निर्धारण बाह्य परीक्षक की सहमति से किया जाना है।
- बाह्य परीक्षक से सम्पर्क नहीं होने अथवा परीक्षक द्वारा असमर्थता व्यक्त करने पर वैकल्पिक व्यवस्था हेतु महाविद्यालय के पोर्टल पर उपलब्ध निर्देशानुसार सम्बन्धित विषय के संयोजक (Convener)/अधोहस्ताक्षरकर्ता से सम्पर्क कर नवीन परीक्षक का रजिस्ट्रेशन करें। नवीन परीक्षक के रजिस्ट्रेशन उपरान्त इसकी सूचना ई–मेल द्वारा विश्वविद्यालय को प्रेषित करें। विषयवार संयोजकों की सूची आपके महाविद्यालय के पोर्टल पर उपलब्ध करवाई जा रही है।
- उक्त प्रक्रिया के अतिरिक्त महाविद्यालय स्तर पर की गई बाह्य परीक्षक की वैकल्पिक व्यवस्था स्वीकार नहीं की जावेगी।
- महाविद्यालय में पंजीकृत समस्त परीक्षार्थियों की प्रायोगिक परीक्षा उपर्युक्त निर्धारित अवधि में ही आयोजित करावें। **विश्वविद्यालय की अनुमति के बिना निर्धारित अवधि के पश्चात् महाविद्यालय स्तर पर प्रायोगिक परीक्षा मान्य नहीं होगी और उनके प्रायोगिक अंक सूची स्वीकार नहीं की जावेगी।**
- प्रायोगिक परीक्षा में सम्मिलित हुए छात्रों की अंक सूची प्रिंट कर एक प्रति विश्वविद्यालय (University Copy) में भिजवाए तथा एक प्रति महाविद्यालय (Principal Copy) में सुरक्षित रखें।
- प्रायोगिक परीक्षा की प्रत्येक अंक सूची पर बाह्य परीक्षक एवं आन्तरिक परीक्षक के हस्ताक्षर आवश्यक हैं।
- प्रायोगिक परीक्षा हेतु जिन परीक्षार्थियों के रोल नं. जारी नहीं हुए हैं, ऐसे परीक्षार्थियों (Additional/New Student/Batch Transfer Candidate) के उपलब्ध विवरण को ऑनलाईन सॉफ्टवेयर में इंद्राज करते हुए (यथा रोल नं., पिता का नाम, फॉर्म नं.) पात्र पाए जाने पर प्रायोगिक परीक्षा में सम्मिलित किया जा सकता है। परीक्षा आवेदन पत्र की जॉच के दौरान परीक्षार्थी के अपात्र पाए जाने की स्थिति में उसकी प्रायोगिक परीक्षा निरस्त कर दी जावेगी।
- प्रायोगिक परीक्षा में अनुपस्थित रहने वाले परीक्षार्थियों की निर्धारित अवधि उपरान्त अलग से प्रायोगिक परीक्षा आयोजित नहीं करावें।
- बाह्य परीक्षकों का पैनल अति गोपनीय है। अतः प्राचार्य इसकी गोपनीयता बनाए रखें।
- आन्तरिक मूल्यांकन के अंकों की प्रविष्टि भी ऑनलाईन ही की जानी है। इस हेतु महाविद्यालय पोर्टल पर बैच उपलब्ध करवा दिये गये है। **दिनांक 14.08.2023 के पश्चात आंतरिक मूल्यांकन के अंक स्वीकार्य नहीं होंगे।**
- प्रायोगिक परीक्षा ऑनलाईन करवाने के सम्बंध में किसी प्रकार की कोई तकनीकी कठिनाई आने पर पोर्टल पर उपलब्ध हेल्पलाईन नम्बर (9460713090 7230068203) से सम्पर्क करें। समाधान न होने की स्थिति में अधोहस्ताक्षरकर्ता से सम्पर्क किया जा सकता है।

17/7/2023

(प्रो. राजाराम चोयल)
परीक्षा नियंत्रक